एसआईआर में 10 हजार नाम कम होने से कांग्रेस को नुकसान या भाजपा का फायदा

कांग्रेस के पास 10 हजार वोट हमेंशा बढ़त में रहे हैं

शाजापुर, 25 दिसंबर. शाजापुर विधानसभा का राजनीतिक गणित यदि देखें तो कांग्रेस की गिनती 70 हजार वोटों से शुरू होती है जबकि भाजपा की गिनती शून्य से. यही कारण है कि बीते चार दशकों में कांग्रेस यहां से दस से बीस हजार वोटों से जितती रही है. हालांकि भाजपा दो बार जीती जरूर है लेकिन अंतर मामूली रहा. लेकिन एसआईआर से शाजापुर विधानसभा में दस हजार वोट कम हुए हैं अब यह वोट भाजपा के लिए फायदेमंद हैं या कांग्रेस के लिए नुकसान.

गौरतलब है कि शाजापुर विधानसभा में कांग्रेस की जीत का जो अंक गणित है उसका मुख्य आधार है, अल्पसंख्यक मतदाता और गुर्जर समाज. लगभग 48 हजार अल्पसंख्यक मतदाता हैं तो 23 हजार के आसपास गुर्जर समाज के मतदाता हैं. अल्पसंख्यक मतदाताओं का वोट शत प्रतिशत कांग्रेस के पक्ष में जाता है तो गुर्जर समाज का मतदाता समाज के प्रत्याशी के साथ 80 से 90 फीसद नजर आता है. इस प्रकार कांग्रेस को चुनाव में मतदाताओं की ओपनिंग लगभग 60 हजार से मिलती है बाकी 20 हजार मतदाता शाजापुर विधानसभा में कांग्रेस का परंपरागत वोट बैंक है. 10 हजार वोट मैनेजमेंट के जरिए कांग्रेस को मिलते रहे हैं और यही 10 हजार वोट कांग्रेस की जीत का आधार बीते पांच विधानसभा चुनाव में देखने को मिला है. 1993 में शाजापुर विधानसभा से हुकुमसिंह कराड़ा लगभग 20 हजार वोटों से जीते थे, बात सन 1998 की करें तो कांग्रेस की जीत का आंकड़ा लगभग यही रहा. साल 2003 की विधानसभा उमा भारती की लहर में भी शाजापुर विधानसभा में कांग्रेस की जीत का आंकड़ा 18 हजार के आसपास रहा. 2008 में कांग्रेस की जीत का अंतर मात्र 9 हजार रहा. 2013 की विधानसभा में कांग्रेस चुनाव तो हारी लेकिन हार का अंतर मात्र 2 हजार रहा. 2018 का चुनाव छोड़ दें क्योंकि यहां बगावत हुई थी, इसलिए यहां कागजों में आंकड़ा जीत का 45हजार रहा, लेकिन पुराने चुनाव को देखते हुए यहां भी कांग्रेस को जीत वही 20 हजार के आसपास इसलिए मानी जा रही है क्योंकि भाजपा में हुई बगावत के कारण कांग्रेस को भाजपा के भी वोट मिले थे. साल 2023 में फिर कांटे की टक्कर हुई और कांग्रेस हारी. यानि पिछले पांच विधानसभा चुनाव पर नजर दौडाएं तो कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक के अलावा 10 हजार वोट का मैनेजमेंट कांग्रेस की जीत का आधार हमेंशा से ही रहा है. अब एसआइआर के बाद जो 10 हजार वोट कम हुए हैं उनमें वो लोग हैं जिनके नाम शहर में भी थे गांव में भी थे, या यूं कहें कि एक नाम दो-दो जगह थे और जो नाम दो-दो जगह थे वहीं कांग्रेस की जीत आधार माना जाता है ऐसा राजनीतिक लोगों का कहना है. अब एसआईआर के बाद जो वोटो की कमी आई है इससे साल 2028 के चुनाव में कांग्रेस को कितना फायदा और कितना नुकसान होता है यह तो चुनाव में ही पता चलेगा.

भाजपा को या तो बसपा का सहारा लेना पड़ता है या अल्पसंख्यक को खड़ा करना पड़ता है...

शाजापुर विधानसभा में कांग्रेस के पास सबसे बडा वोट बैंक अजा, अजजा वर्ग का है, जो लगभग पूरी विधानसभा में 50 से 55 हजार है. दूसरे नंबर पर अल्पसंख्यक समाज वर्ग है जो पूरी विधानसभा में लगभग 40 से 48 हजार वोटर है. इन दोनों वर्ग के मतदाताओं का रूझान बीते पांच विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में रहा है. गुर्जर समाज के 20 से 22 हजार मतदाता का रूझान समाज के प्रत्याशी के साथ हर चुनाव में देखने को मिला है. यदि इन सबको कांग्रेस के पक्ष में देखा जाए तो कांग्रेस को हर विधानसभा में 80 से 90 हजार वोट इन तीनों वर्ग से मिलते हैं. यही कांग्रेस की मजबूती का आधार रहा है.

भाजपा की गिनती शून्य से होती है शुरू...

शाजापुर विधानसभा में कांग्रेस के पास जो सबसे बडा वोट बैंक आधार हरचुनाव में नजर आया है उसमें अल्पसंख्यक समाज और गुर्जर समाज. दोनों के वोटो को यदि मिला दें तो कांग्रेस की गिनती 60 हजार से अधिक वोटों से होती है तो वहीं इसके उलट भाजपा की गिनती शून्य होती है, क्योंकि भाजपा का परंपरागत वोट बैंक पाटीदार समाज है. क्षत्रिय समाज हर चुनाव में बटा नजर आता है. हालांकि पाटीदार समाज का वोट भी भाजपा की गुटबाजी के कारण 2018 में कांग्रेस को मिला था. भाजपा के पास कम संख्या वाले ओबीसी वोट हमेंशा से साथ रहा है. वहीं अजा, अजजा वर्ग का वोट बैंक भी 80 फीसद कांग्रेस के साथ पिछले पांच विधानसभा चुनावों में नजर आया है. यही कारण है कि कांग्रेस शाजापुरविधानसभा में हमेंशा से ही मजबूत नजर आई है क्योंकि कांग्रेस के पास अल्पसंख्यक समाज, गुर्जर समाज और अजा, अजजा वर्ग का वोट कांग्रेस की जीत का आधार रहा है.

एक नजर में

साहिबजादों के बलिदान को किया जाएगा नमन

शुजालपुर, 25 दिसंबर. वीर बाल दिवस के अवसर पर दशम गुरु, गुरू गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान को नमन के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन 26 दिसंबर शुक्रवार को प्रात: 9 बजे गुरूद्वारा सिंहसभा पंजाबी मोहल्ला शुजालपुर मंडी में किया जाएगा. जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री व नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार, विशेष अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक, जिला महामंत्री विजय बैस, नगर मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, योगेन्द्रसिंह जादौन रहेगे तथा अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रवि पांडे करेंगे. उक्त जानकारी वीर बाल दिवस विधानसभा प्रभारी कीरत सिंह रजपाल ने दी.

महाराजा सूरजमल का जीवन समाज और युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत

शुजालपुर, 25 दिसंबर. महान योद्धा, कुशल प्रशासक एवं राष्ट्रनायक महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस के अवसर पर जाट समाज द्वारा टीम-टीम चौराहा शुजालपुर मंडी में शाम 5 बजे श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान महाराजा सूरजमल की चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जाट समाज जिला अध्यक्ष अजय जाट ने कहा कि महाराजा सूरजमल ने धर्म, स्वाभिमान और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया. उनका जीवन आज भी समाज और युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है. हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए. कार्यक्रम में तेजप्रकाश जाट, विक्रम सिंह जाट, गेंदालाल जाट, सुनील जाट, जाट समाज नगर अध्यक्ष जितेंद्र जाट, जाट समाज सचिव दीपक जाट, सुधीर जाट, रत्नेश जाट, विजय जाट, अजय जाट, समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे. अंत में सभी ने महाराजा सूरजमल के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया.

जन्म जयंती पर हुआ काव्य पाठ

शुजालपुर, 25 दिसंबर. भाजपा के पितृ पुरुष एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति को लेकर उनकी जन्म जयंती पर विधायक कार्यालय पर शुजालपुर पर हुआ काव्य पाठ का आयोजन किया गया. जिसमें कई लोगो ने उनके द्वारा रचित कविताओं का काव्य पाठ किया. कार्यक्रम मे काव्य पाठ करने वाले सभी काव्य प्रेमियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर शुभकामनाए दी गई. कार्यक्रम में कपिल व्यास, दीपक परमार, आर्यन देशमुख, लोकेन्द्र परमार, रोहित सेन, दिवान सिंह राजपूत, विजेंद्र परमार, सतीश गोयल, सुधीर परमार, धर्मेंद्र परमार, राकेश परमार,अरुण शर्मा आदि ने काव्य पाठ किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता जेपी परमार, विशेष अतिथी माखन सिंह सूर्यवंशी एवं मंच संचालन सुरेश मालवीय तथा आभार नरेंद्र परमार ने माना.

आज ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

शाजापुर, 25 दिसंबर. जिले की समस्त जनपद पंचायतों की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में आज विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा के आयोजन के साथ-साथ योजना के प्रभावी प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर एवं बैनर का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं. उन्होंने निर्देशित किया है कि 26 दिसम्बर को समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन सुनिश्चित किया जाए. विशेष ग्राम सभाओं में ग्रामीणों श्रमिकों, महिलाओं, अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति परिवारों एवं कमजोर वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें. ग्राम सभा में विकसित भारत जी राम जी से संबंधित जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करें. भारत सरकार द्वारा प्रदत्त पोस्टर बैनर के नमूनों का उपयोग करें. विशेष ग्रामसभा में लगाए गए बैनर्स का फोटोग्राफएवं पोस्टर पेम्पलेट्स की संख्यात्मक जानकारी भारत शासन द्वारा निर्मित किये जा रहे एप्प, लिंक एवं पंचायत निर्णय पोर्टल, पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित किया जाए. ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वसंबंधितों को उपरोक्त निर्देशों से अवगत करते हुए शासन की मंशानुरूप विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण के लिए गारंटी के लिए आयोजित विशेष ग्राम सभा का व्यापक प्रचार प्रसार कराना सुनिश्चित करें.

एकता व खेल भावना का परिचय देते निकले सैकड़ों खिलाड़ी

भव्य तरीके से हुआ 38वीं राज्य स्तरीय सॉफ्टबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

शाजापुर, 25 दिसंबर. करीब डेढ़ दशक से अधिक समय के बाद नगर में राज्य स्तरीय सॉफ्टबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरूवार को विधायक अरूण भीमावद द्वारा नगर के हायर सेकेंड्री ग्राउंड पर किया. इस दौरान उन्होंने भी अपने हाथ सॉफ्टबाल में आजमाए. इसके बाद इस प्रतियोगिता में शामिल हो रहे 500 से अधिक खिलाड़ियों ने एकता व खेल भावना का परिचय देते हुए पैदल मार्च निकाला.

स्थानीय हायर सेकेंडरी मैदान पर गुरूवार से साफ्टबाल फेडरेशन के तत्वाधान में दो दिवसीय 38वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ. इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भीमावद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया और खेलों को अनुशासनए टीम भावना और स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया. कार्यक्रम के दौरान आयोजक समिति द्वारा शहर की विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और खेल से जुड़े व्यक्तियों को भी मंच से सम्मानित किया. इससे खिलाड़ियों का उत्साह और मनोबल बढ़ा. आयोजन को लेकर शहर में खासा उत्साह देखने को मिला. प्रतियोगिता के शुभारंभ के बाद प्रदेशभर से आए खिलाड़ियों ने हायर सेकेंडरी मैदान से एकता और खेल भावना का संदेश देते हुए पैदल मार्च निकाला. यह मार्च शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुन: हायर सेकेंडरी मैदान पर संपन्न हुआ. मार्च के दौरान खिलाड़ियों ने खेल और फिटनेस के प्रति जागरूकता के नारे लगाए. आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न आयु वर्गों के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विजेता टीमों को समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा.

स्व. अटल बिहारी वाजपेई की जन्मशताब्दी श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई

मक्सी, 25 दिसंबर. भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल मक्सी द्वारा श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया तथा उनके विचारों और राष्ट्र के प्रति योगदान को स्मरण किया गया.

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविन्द गोलू पटेल, मंडल महामंत्री सुनील नानू पंड्या, मोड़सिंह लोधी, मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता, अंबाराम पटेल, गोपाल पटेल, मनोहर लश्कन, नरेंद्र भावसार, अनिल पटेल, जुगल किशोर भावसार, पार्षद विष्णु पाटीदार, राजेंद्र गुर्जर सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे.सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के बताए मार्ग पर चलने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया. कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय, वंदे मातरम् के जयघोष एवं अटल जी अमर रहे अमर रहे के साथ किया गया. वहीं मक्सी में गुरुवार 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेई के 101वीं जन्मशताब्दी मक्सी में भारतीय जनता पार्टी द्वारा श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई. इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की भी सक्रिय भागीदारी रही. कार्यक्रम में जिला महामंत्री पुष्पा भावसार, सुरेखा जोशी, मंडल मक्सी अध्यक्ष संगीता जैन, मंडल उपाध्यक्ष रुक्मणी पाटीदार, वसुंधरा पंड्या, मंडल मंत्री भारती, सुमन पांडे, संगीता पांडे सहित अनेक महिलाओं ने सहभागिता की. कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री महिला पुष्पा भावसार द्वारा किया गया. इस अवसर पर भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता का अभिनंदन भी किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने अटल जी के विचारों को आत्मसात कर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया.

ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहरों से कराया परिचय

शुजालपुर, 25 दिसंबर. पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत इंदौर ले जाया गया. इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को पाठ्यक्रम के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं पारंपरिक जीवन शैली की जानकारी प्रदान करना था.

भ्रमण के दौरान छात्राओं ने इंदौर स्थित लालबाग पैलेस का अवलोकन किया, जहां उन्हें होलकर वंश के इतिहास, महल की भव्य स्थापत्य कला एवं उससे जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई.इसके पश्चात छात्राओं को नखराली ढाणी ले जाया गया, जहां उन्हें राजस्थान की पारंपरिक ग्रामीण संस्कृति से परिचित कराया गया. नखराली ढाणी में लोक कला, पारंपरिक वेशभूषा, हस्तशिल्प, ग्रामीण जीवन शैली, लोक नृत्य एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का जीवंत प्रदर्शन देखने को मिला. इस दौरान छात्राओं ने भारतीय लोक संस्कृति की विविधता को नजदीक से समझा. इस शैक्षणिक भ्रमण से छात्राओं में इतिहास व संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ी तथा उन्हें व्यवहारिक एवं अनुभवात्मक ज्ञान प्राप्त हुआ. विद्यालय परिवार ने इस यात्रा को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया.

वीर बाल दिवस का आयोजन आज

शाजापुर, 25 दिसंबर. वीर बाल दिवस 26 दिसंबर को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवा प्रतिभाओं का पोषण करना, रचनात्मकता को बढ़ावा देना एवं विकसित भारत के सपने को साकार करने में योगदान देने के लिए प्रेरित करना है. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने इस संबंध में बताया कि ग्राम दिवस से संबंधित विभिन्न गतिविधियो जैसे चित्रकला, पोस्टर बनाना, रचनात्मक लेखन, निबंध, कहानी सुनाना आदि किया जाएगा. कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को विभिन्न आयु समूहों के लिए गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं.

जिले में एफएलएन लक्ष्यों की दिशा में सघन एवं बहुविभागीय मॉनिटरिंग

जिला अधिकारियों ने शालाओं का भ्रमण कर एफएलएन कक्षाओं का किया प्रत्यक्ष अवलोकन

शाजापुर, 25 दिसंबर. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की पहल पर फाउंडेशनल लिटरेसी एवं न्यूमेरसी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए जिले में सघन, सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही है. इसी क्रम में कलेक्टर सुश्री बाफना के निर्देश पर विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों द्वारा शाजापुर एवं मो.बड़ोदिया विकासखंड क्षेत्र की शालाओं में जाकर एफएलएन कक्षाओं का प्रत्यक्ष रूप से निरीक्षण किया गया.

निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारियों ने कक्षा 2 एवं 3 के बच्चों की पढ़ने, लिखने एवं गणितीय समझ का आंकलन किया गया. साथ ही कक्षाओं में संचालित शिक्षण गतिविधियों, रीडिंग कॉर्नर, मैथ्स कॉर्नर तथा शिक्षण अधिगम सामग्री के प्रभावी उपयोग को भी देखा गया. इस श्रृंखला में जिला पंचायत सीईओ, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, जिला आयुष अधिकारी, जिला समन्वयक, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, उपसंचालक पशु चिकित्सा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने बच्चों के साथ बैठकर पठन गतिविधियों, कहानी वाचन, गणितीय दक्षताओं के अवलोकन एवं फ्लोर गेम्स के माध्यम से बच्चों की समझ को परखा तथा उनसे संवाद किया. मिशन अंकुर परियोजना के प्रोजेक्ट लीड सुमित साध ने बताया कि इस पहल से बच्चों के वास्तविक सीखने के स्तर का प्रामाणिक आंकलन सुनिश्चित होगा. वहीं जिले में एफएलएन कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को भी सुदृढ़ गति मिल रही है. उन्होंने बताया कि मुख्य विशेषता यह रही कि जिले में शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी विभागों की सामूहिक प्रतिबद्धता, समन्वित प्रयास एवं पूर्ण संलग्नता के साथ कार्य किया जा रहा है, ताकि जिले का प्रत्येक बच्चा निपुण बन सके और उसका भविष्य सशक्त हो.

एक नजर में

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मिलावटी खाद्य सामग्री और उससे बचाव की दी जानकारी

शाजापुर, 25 दिसंबर. शासन के निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सतगांव जिला शाजापुर में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का आयोजन किया गया.

उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा शासन की जन कल्याण योजनाओं, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, उपभोक्ता आयोग से संबधित जानकारी व उपभोक्ताओं को जागरूक, सावधानी एवं सजगता के संबंध में जानकारी दी गई. कार्यक्रम में सहायक आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप शर्मा द्वारा पेट्रोप पम्प एवं गैस एजेंसी से उपभोक्ताओं को प्राप्त होने वाली बेसिक सुविधाएं व पेट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर लेते समय संबंधी सावधानी, गुणवत्ता की जांच व रखरखाव संबंधी जानकारी दी गई. खाद्य सुरक्षा अधिकारी केएल कुम्भकार ने विभिन्न खाद्य पदार्थ में मिलावट संबंधी जानकारी और उससे बचाव सावधानी से अवगत कराया गया एवं चलित लेब के माध्यम से खाद्य पदार्थो का जॉच, परीक्षण कर छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया. नापतौल निरीक्षक के सचिन चौहान द्वारा नापतौल द्वारा उपभोक्ताओं को तौल कांटे एवं विभिन्न माप एवं पैकेजिंग संबंधित जानकारी दी गई. कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष, अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन, शाजापुर के रविप्रकाश सांकलिया एवं जिला प्रवक्ता, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत अजीत पारशर ने संस्थाओ के माध्यम से उपभोक्ता संरक्षण अधिकार का प्रचार-प्रसार कर समय-समय पर उपभोक्ताओ हेतु किए गए आयोजन के संबंध में जानकारी दी गई. कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्रों के मध्य प्रश्नोंत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कराई गई, जिसमें प्रथम कु.कल्पना गोयल, द्वितीय हेमराज तथा तृतीय रानू को पुरस्कृत किया गया. संचालन स्थल पर उपभोक्ताओ को जागरूक करने के लिए मेसर्स इण्डेन ग्रामीण वितरक केन्द्र, गैस एजेंसी, दुपाडा एवं मैसर्स, पालीवाल फिलिंग पेट्रोल पम्प, दुपाडा एवं नापतौल विभाग एवं खाद्य औषधि प्रशासन द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई. इस अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व मंडी अध्यक्ष रमेश पाटीदार, जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन शाजापुर रविप्रकाश सांकलिया, जिला प्रवक्ता ग्राहक पंचायत शाजापुर अजीत पारशर, जिला आपूर्ति अधिकारी सुश्री अंजू मरावी, प्राचार्य शाउमावि रमेश कुमार मालवीय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी केएल कुम्भकार एवं एमके वर्मा, नापतौल निरीक्षक सचिन चौहान, सहायक आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप शर्मा, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अजयसिंह खराडिया एवं जनप्रतिनिधि शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन अजीज जैन समाजसेवी शाजापुर द्वारा किया गया.

मतदान दलों को आईटीआई सुसनेर से मतदान सामग्री का वितरण होगा

सोयतकलां, 25 दिसंबर. त्रि स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन उत्तरार्द्ध अंतर्गत जिपं वार्ड क्रमांक 1 में सदस्य पद के लिए मतदान 29 दिसंबर को संपन्न होंगे. मतदान हेतु मतदान कर्मियों को मतदान सामग्री का वितरण 28 दिसंबर को सुबह 6 बजे से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई सुसनेर से किया जाएगा. कार्य के संपादन हेतु कैलाश मोर्य एवं गौरीशंकर शर्मा राजस्व निरिक्षक वृत्त सुसनेर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है. जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रीति यादव ने निर्देश दिए कि मतदान सामग्री प्राप्त करने हेतु सभी मतदानकर्मी निर्धारित समय पर उपस्थित होकर सामग्री प्राप्त करें. कलेक्टर ने सभी सेक्टर अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि सामग्री वितरण स्थल पर उपस्थित रहकर अपने सेक्टर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मतदान दलों को सामग्री प्रदान करवाने के साथ ही निर्धारित रूट की बसों से गंतव्य तक पहुंचाए.